हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार, मई 8, 2024

11 ब्रिगेडियर से मिलकर दोनों ने रखा अपना-अपना पक्ष...



12 समस्या का समाधान न होने पर फूंका सरकार का पुतला



इस कटिंग के साथ सागर चाय 250 ग्राम का 1 रेपर नाम व पता के साथ भेजें। और हर महीने के आखिरी दिन 1 SUJATA JMG लक्की ड्रा में जीतने को सुनहरा मौका पाएं।
सागर चाय
MITTAL TRADING CO.
Jain Chowk, Bhiwani
Mob: 92152-43212

## शहर की सड़कों की हालत खस्ता

# दरकती सड़कों और बदहाल सीवरेज व्यवस्था से लोग परेशान, हो रहे हादसे

कई जगहों पर गड्ढे बनने की वजह से हमेशा दुर्घटना घटने की बनी रहती है आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

वैसे तो शहर की सड़कों की हालत बेहद पतली है,लेकिन जिन इलाकों से रोजाना प्रशासनिक अधिकारी गुजरते है। उन इलाकों की सड़कों की हालत बेहद पतली है। सड़कों में बने गड्ढों की वजह से वाहन हिचकौले खा रहे है। कई जगहों पर गड्ढे बनने की वजह से हमेशा दुर्घटना घटने की आशंका बनी रहती है। वहीं अनके जगहों पर सड़क दरक रही है। जो कि हादसों को कभी भी जन्म दे सकती है। इसी तरह सीवरेज की हालत बेहद पतली है। सीवरेज के ढक्कन न होने की वजह से आए दिन छोटे बड़े हादसे हो रहे है। हालत इस कदर खराब है कि देवसर चुंगी डिस्पोजल से महज कुछ मीटर की दूरी पर सीवर के मेन होल पर ढक्कन ही नहीं है। जिसमें लकड़ी खड़ी करके लोगों व वाहन चालकों को सचेत किया जा रहा है। यह स्थिति पिछले दो तीन दिनों से बनी है। इस इलाके में सीवर का ढक्कन न होने के चलते दोपहिया वाहन गिरकर चोटिल हो चुके है। बार बार दुर्घटनाओं से वाहन चालकों को बचाने के लिए उक्त सीवर के मेनहोल में एक लकड़ी खड़ी की गई है। ताकि कोई भी वहां से गुजरे तो सीवर के मेनहोल से बच सके। इस बारे में कई बार पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों से शिकायत की,लेकिन आज तक इस समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। अन्य जगहों पर भी सीवरों की स्थिति खराब है। ढक्कन न होने की वजह से हमेशा घटना घटने का अंदेशा बना रहता है।



भिवानी। सीवर के मेनहोल का ढक्कन न होने की वजह से खड़ी की गई लकड़ी।



भिवानी। सड़क में बने गड्ढों में डाले गए पत्थरों का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

### कई जगहों से दरकी सड़क

हुडा पार्क के पास सड़क में कई जगहों पर गड्ढे बने है। हुडा पार्क से हांसी रोड तक के लिंक मार्ग की स्थिति बेहद खराब है। उक्त मार्ग पर अनेक जगहों से सड़क जमीन में धंसी हुई है। सड़क जमीन में धंसने की वजह से वाहन चालक वहां से आने व जाने में कतराने लगे है।क्योंकि सड़क से जिस वक्त वाहन गुजरते है । उस वक्त गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका बन जाती है। इसी तरह रेलवे ओवरब्रिज के दोनों तरफ की सड़क की हालत पतली है। गड्ढे होने के चलते वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। इस मार्ग पर बने गड्ढों में रोड़े डालकर वाहनों को निकाला जा रहा है। जो कभी भी हादसों को अंजाम दे सकते है। इनके अलावा शहर के अंदरूनी सड़कों की हालत भी खराब है। गड्ढो की वजह से इन क्षेत्रों से वाहन चालक गुजरने से कतरा रहे है। बाहरी कॉलौनी व सेक्टर की सड़कों की स्थिति भी इसी तरह की है।

## एनसीसी कैडेट्स की भर्ती प्रक्रिया संपन्न

- 90 विद्यार्थियों ने दी एनसीसी कैडेट्स भर्ती परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

एनसीसी एयरविंग हिसार के तत्वावधान में एससीआर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चरखी के 2024-25 के प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए एनसीसी कैडेट्स भर्ती प्रक्रिया सम्पन्न हुई। एनसीसी चयन प्रक्रिया में विभिन्न चरणों का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम चरण में शारीरिक परीक्षा तथा दूसरे चरण में मौखिक परीक्षा का आयोजन किया। विद्यालय में एनसीसी सीटीओ परीक्षित व कुलदीप फौजी ने बताया कि एनसीसी प्रवेश परीक्षा में कुल 25 सीटों के लिए लगभग 90 छात्रों ने भाग लिया। सेर्जेंट नवीन कुमार सहरावत व जूनियर वारंट ऑफिसर दीपक बिष्ट की अगुवाई में भर्ती कार्य सम्पन्न हुआ। प्रिंसिपल समरजीत सिंह नंदा ने कहा एनसीसी का मुख्य उद्देश्य स्कूल स्तर से ही विद्यार्थी में राष्ट्र सेवा, सुरक्षा में सहयोग की भावना पैदा करना है।



## आईटीआई पास विद्यार्थी 31 मई तक प्राप्त करें प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

किसी भी सत्र के आईटीआई पास अभ्यर्थी अपने अपने प्रमाण पत्र 31 मई तक राजकीय आईटीआई भिवानी से प्राप्त कर सकते हैं। आईटीआई के कार्यवाहक प्रधानाचार्य जय भगवान ने बताया कि आईटीआई पास विद्यार्थी 31 मई तक किसी भी कार्य दिवस को अपने प्रमाण.पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि प्रायःदेखने में आया है कि कई विद्यार्थी आईटीआई उतीर्ण करने के बाद भी अपने प्रमाण.पत्र संस्थान से लेने नहीं आते हैं। इस कारण काफी लम्बे समय तक उनके प्रमाण.पत्र संस्थान में ही रखें रहते हैं। इसी को देखते हुए संस्थान द्वारा प्रमाण पत्र वितरण अभियान चलाया गया है। यह अभियान 31 मई तक चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2010 के बाद से जो जो छात्र अपने प्रमाण पत्र लेकर नहीं गए हैं उनकी सूचियां बनाकर उनके ट्रेड इंचार्ज को सौंप दी गई है।

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर ट्राली-कार की टक्कर में कार चालक घायल

**लोहारू।** लोहारू के दादरी मोड़ पर कार दुर्घटना के मामले में लोहारू थाना पुलिस ने घायल चालक की शिकायत अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में हिसार जिला निवासी शिवकुमार ने बताया कि वह अपने परिवार और रिश्तेदारो के साथ खाटूधाम दर्शनों को जा रहे थे। इस दौरान रात को लोहारू में दादरी मोड़ के पास ट्रैक्टर ट्राली चालक ने कथित रूप से लापरवाही से चलाते हुए उनकी कार को ठोंक दिया और फरार हो गया। सूचना के बाद डायल 112 की टीम भी मौके पर पहुंच गई थी। घायल कार चालक शिव कुमार को लोहारू सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया।

### सांगा में गोली मारकर युवक की हत्या

**भिवानी।** गांव सांगा में युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरंभ कर दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार देर शाम सांगा में दो युवकों के बीच किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई। इसी दौरान एक युवक ने काला नामक युवक को गोली मार दी। बाद में परिजनों ने उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल करवाया गया। पर यहां युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

### लोहारू में चुनाव अफसरों का प्रशिक्षण 13 को

**लोहारू।** लोस चुनाव 2024 को लेकर 13 मई को राजकीय कन्या कॉलेज के हॉल में पीठासीन तथा सहायक पीठासीन अधिकारियों व चुनाव से जुड़े अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## श्रम विभाग की टीम ने बाल मजदूरी कर रहे पांच बच्चों को करवाया मुक्त

- चंद रुपयों का लालच दे दुकानदार बालकों से 9 से 12 घंटे तक करवा रहे बाल मजदूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

मंगलवार को एक संयुक्त टीम ने तोशाम बाजार में दुकानों पर छापेमार कार्रवाई करते हुए पांच दुकानों से बाल मजदूरी करते हुए पांच बच्चों को दुकान मालिकों से मुक्त करवाया, जिस पर टीम ने बालको से बाल मजदूरी करवाने वाले दुकानदारों के खिलाफ पुलिस को शिकायत देकर मामला दर्ज करवाया है। मंगलवार को बाल श्रम के विरुद्ध कार्रवाई के लिए श्रम विभाग भिवानी के निरीक्षक प्रदीप कुमार, बाल कल्याण समिति भिवानी के सदस्य सत्येंद्र सिंह तंवर, जिला बाल संरक्षण इकाई के संरक्षण अधिकारी संदीप कुमार, मानव तस्करी इकाई राज्य अपराध शाखा के इंचार्ज तथा उपनिरीक्षक संजय की संयुक्त टीम ने मंगलवार को तोशाम बाजार में बाल श्रम के संबंध में छापेमार कार्रवाई की।

### घरवालों को पैसे भेजने की बात कहकर करवाई जाती थी बाल मजदूरी

बालकों में शामिल मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले का 13 वर्षीय सनी साइकिल की दुकान पर मात्र 4000 रुपये में 12 घंटे कार्य करता था। बिहार के बेगूसराय जिले का 13 वर्षीय अजीत होटल पर पिछले तीन महीने से 8000 रुपये में करीबन 9 घंटे तक कार्य करता था। निगानाकलां का 17 वर्षीय रोहित हिसार मार्ग स्थित मुंगीपा मोटर स्टोर पर दो महीने से 12 घंटे तक 50 रुपये मेहनताना लेकर कार्य करता था। दिल्ली के पटेल नगर वासी 16 वर्षीय ओम महीने से प्रतिदिन 10 घंटे तक हिसार रोड पर स्थित ऑटो मार्केट में अनिल ऑटो इलेक्ट्रिक वर्क्स पर कार्य करता था।

## छात्र संख्या बढ़ाने को लेकर अधिकारी ने संभाली कमान

- जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने कड़े शब्दों में कहा .विभागीय कार्य में कोताही बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भिवानी में जिले के सभी एबीआरसी की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी एवं डीपीसी का कार्यभार संभाल रही संतोष देवी नागर ने कर्मचारियों को संबोधित किया।

अधिकारी ने कर्मचारियों को बताया कि ड्रॉप आउट की रिपोर्ट की गहनता से जांच करनी है। कलस्टर पर चल रही निपुण हरियाणा के तहत एफएलएन प्रशिक्षण का मुआयना करते हुए शिक्षकों से फीडबैक लेना है कि वे किस प्रकार से उसे विद्यालयों में फलीभूत करने का कार्य करेंगें।

अधिकारी ने सभी कर्मचारियों को राजकीय विद्यालयों में छात्र संख्या में इजाफा करने के लिए मोटिवेट किया। उन्होंने बताया कि अच्छा कार्य करने वाले कर्मचारियों को विभाग द्वारा सम्मानित किया जाएगा वहीं जिला कोऑर्डिनेटर अशोक कुमार, सूर्यमणि,एपीसी विवेक अदलखा ने बताया कि सभी कर्मचारियों को अपने.अपने कलस्टर में आने वाले विद्यालयों के स्टाफ की संख्या, बच्चों की संख्या, नियमित रूप से विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे, विद्यालय से गैरहाजिर चल रहे बच्चों की संख्या का भी रिकॉर्ड रखना हैं यदि बच्चा नियमित नहीं आ रहा है तो शिक्षक संग मिलकर उसका पता लगाना है ताकि वास्तविक स्थिति का पता लग से और विद्यार्थी को विद्यालय में लाकर मुख्यधारा में शामिल किया जा सके। अधिकारी ने कड़े लहजे में बताया कि यदि किसी के द्वारा भी कार्य में कोताही बरती जाती है तो वे सख्त कार्यवाही करने को मजबूर होंगी।



बवानीखेड़ा। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भिवानी में जिले के सभी एबीआरसी की बैठक के आयोजन में संबोधित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## वार्षिक परीक्षा के अंक विलम्ब शुल्क सहित 16 तक कर सकते हैं अपलोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी से सम्बद्धता प्राप्त राजकीय व अराजकीय विद्यालयों व गुरूकुलों विद्यापीठों द्वारा शैक्षिक सत्र 2023.24 के लिए कक्षा 9वीं व 11 वीं के छात्रों व छात्राओं के वार्षिक परीक्षा के अंक अपलोड करने के लिए बोर्ड द्वारा 25 अप्रैल, 2024 अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी, जिसे बढ़ाकर 3 मई, 2024 करते हुए अंक अपलोड करने का दूसरा मौका दिया गया था।

बोर्ड अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव ने आज यहां जारी एक प्रेस.वक्तव्य में बताया कि कुछ विद्यालयों द्वारा दो अवसर देने के बाद भी 9वीं व 11वीं के शैक्षिक सत्र 2023.24 के छात्रों व छात्राओं के वार्षिक परीक्षा के अंक निर्धारित तिथियों में पोर्टल पर अपलोड नहीं किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिन विद्यालयों द्वारा कक्षा 9वीं व 11वीं के छात्रों व छात्राओं के वार्षिक परीक्षा के अंक पोर्टल पर अपलोड नहीं किए हैं, ऐसे विद्यालय 16 मई, 2024 तक 5000 .रूपये एक मुश्त शुल्क के साथ बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक पर अपलोड कर सकते हैं। यदि किसी विद्यालय द्वारा छात्रों के अंक ऑनलाइन अपलोड नहीं किए जाते हैं,तो ऐसे छात्राओं को बोर्ड की आगामी कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## बीके स्कूल में मनाया वर्ल्ड एथलेटिक्स डे

- प्रतियोगिता के दौरान 100 मीटर दौड़, लंबी कूद एवं बदल दौड़ का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा के बीके वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयए में 7 मई को वर्ल्ड एथलेटिक्स डे को बड़े जोश और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम तीन दिनों तक चलेगा, जिसका आज प्रथम दिन रहा। प्रथम दिवस पर चारों सदनों के विद्यार्थियों कक्षा तीसरी से कक्षा पांचवी तक में प्रतिभागिता की। प्रतियोगिता के दौरान 100 मीटर दौड़, लंबी कूद एवं बदल दौड़ का आयोजन किया गया। विद्यालय प्राचार्य पंकज कुमार मिश्रा ने धावकों का उत्साहवर्धन करते हुए क्लिपर के साथ प्रतियोगिता आरंभ की। खेल प्रशिक्षक ओमवीर एवं प्रशिक्षिका निशा व पार्वती की देखरेख में प्रतियोगिता करवाई गई। 100 मी. रेस में लड़कियों में नालंदा सदन से प्रथम स्थान भूमिका, इंद्रप्रस्थ सदन से द्वितीय लविशा एवं नालंदा सदन से तृतीय स्थान पर हेरल रही। लड़कों में नालंदा सदन से प्रथम ईशानए इंद्रप्रस्थ सदन से द्वितीय स्थान पर कुंज एवं तक्षशिला सदन से तृतीय स्थान पर रेहान रहे। लंबी कूद में लड़कियों में शांतिनिकेतन सदन से प्रथम स्थान पर नवजोत, इंद्रप्रस्थ सदन से द्वितीय स्थान पर मानसीए नालंदा सदन से तृतीय स्थान पर अनीशा वहीं दूसरी ओर लड़कों में तक्षशिला सदन से प्रथम स्थान नीतीश, नालंदा सदन से द्वितीय रक्षित व शांतिनिकेतन सदन से तृतीय स्थान पर दीपेश रहे। बदल दौड़ में इंद्रप्रस्थ सदन प्रथम, शांतिनिकेतन सदन द्वितीय व नालंदा सदन तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष जोगेंद्र जांगड़ा, सचिव योगेश शर्मा, वरिष्ठ संचालक योगेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



बवानीखेड़ा। विजेता विद्यार्थियों के साथ विद्यालय स्टाफ। *फोटो : हरिभूमि*



### पौधरोपण कर मनाया कुंजिता का जन्मदिन

**भिवानी।** वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन, जीवन ज्योति फाउंडेशन, हेमंत सैनी कल्चर थिएटर एंड वेलफेयर सोसायटी व एक विचार-एक सोच मंच के तत्वाधान में चौधरी बंसीलाल पार्क में मंच के संस्थापक जितेन्द्र धारीवाल की सुपुत्री कुंजिता धारीवाल के जन्मदिन पर पौधरोपण करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान मंच के संरक्षक धर्मबीर नागर, एसोसिएशन के सदस्य सेवानिवृत एसडीओ प्रेम मारोठिया, सेवानिवृत जेई रामजीलाल, रणसिंह सिगड़, राजकपूर, हरिराम मेहरा, मास्टर हवासिंह यादव, दीपक खुंडिया, श्रीपाल, फाउंडेशन के अध्यक्ष सोमवीर शर्मा, सोसायटी के संस्थापक हेमंत सैनी, मंच की संस्थापक डॉ. कल्पना, ईशा गर्ग, प्रमोद गर्ग, श्रुति, आरजू आदि सामाजिक संगठनों के सदस्यों व वरिष्ठ नागरिकों ने कुंजिता धारीवाल को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## विजेताओं को किया सम्मानित

- केएम स्कूल में संस्कृत देशभक्ति गीत प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

केएम पब्लिक स्कूल में संस्कृत गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता को कराने का उद्देश्य छात्रों के मानसिक, सामाजिक, सांस्कृतिक ज्ञान बढ़ाने के साथ-साथ संस्कृत भाषा व साहित्य के प्रति जिज्ञासा बढ़ाना है।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्या रेनू सैनी, उप.प्राचार्या नीलम गौतम, प्रबंधन समिति सदस्य अमिता शर्मा व सुनील शर्मा, निर्णायक मंडल सदस्य सुनीता शर्मा व ममता शर्मा तथा गतिविधि प्रभारी सारिका पंडित ने माँ सरस्वती और सेठ किरोड़ीमल की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन करके किया। प्रतिभागियों ने संस्कृत में बड़े लयबद्ध तरीके देशभक्ति गीत गाकर श्रोताओं को अपने साथ झूमने पर मजबूर कर दिया । विद्यालय प्राचार्या रेनू सैनी, उप.प्राचार्या नीलम गौतम, प्रबंधन समिति सदस्य अमिता शर्मा व सुनील शर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम छह विद्यार्थी आठवीं से कार्तिक, पर्णिका, कशिश, कक्षा छठी से कर्मिष्ठा, कक्षा सातवीं से मैत्री और छवि को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। मंच का सफल संचालन संस्कृत अध्यापिका संतोष यादव ने किया। विद्यालय अध्यक्ष मनीष सिंघानिया, सचिव राजेश मोडा, विद्यालय प्रबंधक आनंद बासिया व समिति सदस्य जितेंद्र गोयल ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी।



भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे और शिक्षक।

### चुनाव ड्यूटी पर तैनात कर्मी पोस्टल पेपर से करें मतदानः अधिकारी

**लोहारू।** सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अमित कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को स्थानीय कार्यालय में 25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया। बैठक में चुनाव से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। एसडीएम ने कहा कि चुनाव में ड्यूटी देने वाले कर्मी आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए इडीसी अथवा पोस्टर बैलेट के द्वारा अपना मतदान अवश्य करें। लोहारू के चुनाव कार्यालय में सुविधा केन्द्र स्थापित किया जाएगा, जिसमें चुनाव ड्यूटी से सम्बंधित कर्मी आवेदन फार्म जमा करवा सकते हैं।

## तीसरी से पांचवीं कक्षा तक के बच्चे लिखेंगे माता व दादी को चिट्ठी

# बच्चे 'प्यार दुलार' का जताएंगे 'आभार'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पहली बार विद्यार्थी माता के पालन पोषण,प्यार व दुलार का आभार जताते नजर आएंगे। इसको लेकर तीसरी से लेकर पांचवी कक्षा तक के विद्यार्थी अपनी माता या दादी द्वारा दिए गए संस्कार, पढाई लिखाई व अच्छी आदतों सिखाने में की जा रही मदद का उल्लेख करेंगे। यहां तक कि उक्त चिट्ठी में माता व दादी अम्मा द्वारा कराया गया स्वादिष्ट भोजन व भ्रमण का भी जिक्र किया जाएगा। इस तरह का विद्यार्थी पत्र लिखेंगे तो उसमें विशुद्धियों की जांच शिक्षक करेंगे। साथ ही पत्र लेखन का अभ्यास भी करवाएंगे। इस बारे में शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी स्कूलों में पत्र भेजकर इस तरह का पत्र तैयार करवाए जाने के निर्देश दिए है। शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी स्कूलों में पत्र भेजकर विद्यार्थियों से भाषा के लेखन कौशल विकास के लिए मातृ दिवस पर अपनी माता को पत्र लिखवाने के बारे में निर्देश भेजे है। तीसरी क्लास से लेकर पांचवीं क्लास तक के बच्चों से माता के लाड प्यार, दुलार, पालन पोषण, अच्छी आदतें एवं संस्कार प्रदान करने में की जा रही है मदद का उल्लेख को लेकर पत्र लिखवाया जाए। तीसरी क्लास के बच्चों को 60 शब्दों या फिर 6 पंक्तियों में, चौथी क्लास के बच्चों को 100 शब्दों में या दस लाइनों में तथा पांचवीं कक्षा के बच्चों को 130 शब्दों में या 15 लाइनों में पत्र लिखने के निर्देश दिए है।

### शिक्षक करेंगे पत्र लेखन के बारे में मार्ग दर्शन

भेजे गए निर्देशों में कहा गया है कि सात मई को प्राथमिक शिक्षक अपनी कक्षा के विद्यार्थियों का मार्ग दर्शन करेंगे। उनकी लेखन में सहायता करेंगे तथा पृष्ठ एक अनुसार निर्देशों का पालन करके प्रथम ड्राफ्ट बनाने में सहायता करेंगे। आठ मई को शिक्षक स्वच्छ ड्राफ्ट तैयार करने के लिए वाक्य विन्यास एवं अशुद्धियों की जांच करेंगे। आठ मई को सभी विद्यार्थियों के ड्रॉफ्ट की जांच के बाद पुनः लेखन तथा लिफाफे में डालने का कार्य करेंगे। 12 मई को सभी विद्यार्थी लिखा गया पत्र को अपनी माता को सौंपेंगे। पत्र पढ़ने के माता व दादरी सोशल मीडिया पर टिप्पणी शेयर करेगी और बच्चे को सौंपेगी,ताकि पत्र वापस शिक्षक तक पहुंच सके। बताया जा रहा है कि उपरोक्त गतिविधियों का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों के भाषा कौशल (लेखन कौशल) का विकास करना है। साथ ही उत्कृष्ट पत्रों का संकलन करके निदेशालय की निपुण शाखा में भेजे। ताकि उनकी एक पुस्तिका तैयार की जा सके।



# हाउसफुल 5 में अभिषेक बच्चन की एंट्री ...

**नई दिल्ली।** हाउसफुल सबसे लोकप्रिय फिल्म फ्रेंचाइजी में से एक है। जब से इसकी पांचवीं किस्त की घोषणा हुई है, दर्शक इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मूवी लवर्स के लिए एक और अच्छी खबर है। फिल्म में अभिषेक बच्चन की एंट्री हुई है। फिल्म में अक्षय कुमार, अनिल कपूर, नाना पाटेकर, रितेश देशमुख और चंकी पांडे मुख्य भूमिका में हैं। अब अभिषेक बच्चन अपनी शानदार कॉमेडी टाइमिंग के साथ बोर्ड पर आ रहे हैं। ऐसे में लोग फिल्म से और भी अधिक हंसी और मनोरंजन की उम्मीद कर सकते हैं। इसकी शूटिंग अगस्त 2024 में यूके में शुरू होगी।

लाइफ Style

# सुष्मिता दुल्हन बन रैंप पर छाईं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

डिजाइनर के लिए दूसरी बार शो स्टॉपर रहीं सुष्मिता ने कहा, 'रोहित वर्मा के लिए यह मेरी दूसरी वॉक है, जो खुद को शी कहलाना पसंद करते हैं। वह पक्का करते हैं कि हर पल उत्सव हो।' सुष्मिता ने इस बात पर जोर दिया कि आज के समय में 'समावेशी' होना कितना जरूरी है।

बॉम्बे फैशन वीक में एक्ट्रेस सुष्मिता सेन ने डिजाइनर रोहित वर्मा की कलेक्शन को रैंप पर उतारा। गोल्डन कलर के लहंगे में रनवे पर चलते हुए सुष्मिता बेहद खूबसूरत लग रही थीं। एक्ट्रेस ने अपने लुक को कलीरों और फूलों से कंप्लीट किया, साथ ही उन्होंने बड़े करीने से बंधे जूड़े को भी सजा रखा था। डिजाइनर के लिए दूसरी बार शो स्टॉपर रहीं सुष्मिता ने कहा, 'रोहित वर्मा के लिए यह मेरी दूसरी वॉक है, जो खुद को शी कहलाना पसंद करते हैं। वह पक्का करते हैं कि हर पल उत्सव हो।' सुष्मिता ने इस बात पर जोर दिया कि आज के समय में 'समावेशी' होना कितना जरूरी है।

एक्ट्रेस ने कहा, 'आज के समय में दुनिया में समावेशी होना की बहुत जरूरत है। इसलिए मैं सौभाग्यशाली महसूस करती हूं कि उन्होंने न केवल मुझे तैयार किया, बल्कि मेरी आत्मा को भी तैयार किया और मुझे एकता, सद्भाव और अच्छाई का जश्न मनाने का मौका दिया।'

वहीं, रोहित वर्मा ने शेयर किया कि उनका पूरा कलेक्शन प्यार का जश्न मनाने के इर्द-गिर्द घूमता है। एक्ट्रेस के रैंप वॉक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



हॉलीवुड मसाला



# कान्स महोत्सव में हड़ताल का साया

**लॉस एंजिलिस।** 'कान्स फिल्म महोत्सव' फिल्मों के प्रीमियर और स्टार्स के लुक्स के अलावा अपने विवादों की वजह से सुर्खियां बटोरता आया है। इस साल भी समारोह के शुरू होने से पहले ही खबर आ रही है कि 'कान्स फिल्म महोत्सव' के कर्मचारी समारोह के दौरान हड़ताल कर सकते हैं।' यह विरोध वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर किया जाने वाला है। 'कान्स फिल्म महोत्सव 2024' में 200 से अधिक फ्रांसीसी कर्मचारी हड़ताल पर जाने की योजना बना रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म महोत्सव के कार्यकर्ता और कान श्रमिकों ने वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन का मन बनाया है।



# एडम ड्राइवर के किरदार से उठा पर्दा

**लॉस एंजिलिस।** महान निर्देशक फ्रांसिस फोर्ड कोपोला की लंबे समय से प्रतीक्षित जुनूनी परियोजना 'मेगालोपोलिस' एक बार फिर सुर्खियों में हैं। आखिरकार निर्माताओं ने एडम ड्राइवर की पहली झलक जारी करके दर्शकों को इसके दृष्टिकोण की एक झलक दे दी है। हाल ही में जारी किए गए टीजर में एडम ड्राइवर के किरदार सीजर नामक एक वास्तुकार को दिखाया गया है, जो एक गगनचुंबी इमारत के किनारे पर एक अनिश्चित स्थिति में खड़ा है। यह उच्च जोखिम वाला दृश्य फिल्म के भव्य पैमाने और नाटकीय तनाव के लिए माहौल तैयार करता है। 'मेगालोपोलिस' दशकों से विकास में है, और कोपोला ने महत्वाकांक्षी परियोजना को स्व-वित्तपोषित किया है।



# सुपरस्टार से शादी करके कॅरियर हुआ खत्म

**नई दिल्ली।** किसी एक्ट्रेस की पहली ही फिल्म सुपर-डुपर हिट हो जाए तो वो भूलकर भी शादी नहीं करती और अगर शादी हो जाए तो ये गलती कभी नहीं करतीं कि वो प्रेग्नेंट हो जाए। लेकिन डिंपल कपाड़िया ने करियर की पीक पर पहुंच कर मां बनने का जोखिम उठाया। सुपर स्टार राजेश खन्ना से शादी भी रचा डाली, लेकिन फिर जल्दी ही तलाक भी हो गया। इसने प्रेग्नेंट होने का फैसला तब किया जब ये पहली ही फिल्म बॉबी के बाद एक बड़ी स्टार बन गई थीं और उनके घर के बाहर निर्माता निर्देशकों की कतार लग रही थी। बॉबी फिल्म के रिलीज होने के पहले ही डिंपल राजेश खन्ना के प्यार में पड़ीं और शादी भी कर ली। इतना ही नहीं, शादी होते ही डिंपल कपाड़िया ने फिल्मी दुनिया भी छोड़ दी।



# करण से कॉमेडियन ने मांगी माफी...

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता करण जौहर ने एक टीवी शो के प्रोमो पर निराशा व्यक्त करते हुए रविवार रात एक इंस्टाग्राम पोस्ट किया। करण ने कहा कि उन्होंने एक कॉमेडियन को अभद्र तरीके से उनकी नकल करते हुए देखा, लेकिन उन्होंने शो, कॉमेडियन या चैनल का नाम नहीं लिया। हालांकि, करणका पोस्ट देखने के बाद तमाम लोगों को संदेह था कि करण केतन सिंह स्टारर फिल्म 'मैडनेस मचाएंगे' के प्रोमो के बारे में बात कर रहे थे। लिहाजा करण की आलोचना पर अब कॉमेडियन ने जवाब दिया है और विनम्रतापूर्वक माफी भी मांगी है। केतन ने एक इंटरव्यू में कहा कि उनका इरादा कभी भी करण को ठेस पहुंचाना नहीं था, 'मैं करण सर से माफी मांगना चाहूंगा।' मैं कॉफी शो में करण जौहर को बहुत देखता हूं। मैं उनके काम का फैन हूं। म

टीवी मसाला

# बाल हनुमान' बोले- अब मैं भी शरारती

**नई दिल्ली।** बाल कलाकार दर्श अग्रवाल शो 'कर्माधिकारी शनिदेव' में बाल हनुमान की भूमिका में नजर आएंगे। उन्होंने बताया कि उन्हें बाल रूप हनुमान की शरारतें हमेशा आकर्षित करती हैं। बाल हनुमान के रूप में दर्श अग्रवाल की एंट्री के साथ, यह शो शनिदेव और हनुमान के बीच आपसी संबंधों पर प्रकाश डालते हुए एक नए आयाम की खोज करने के लिए तैयार है। दर्श अग्रवाल ने बातचीत में कहा, 'मेरे दादा-दादी मुझे हमेशा बाल हनुमान, श्री कृष्ण और बाल गणेश की कहानियां सुनाते थे। भगवान हनुमान के बाल रूप की शरारतें मुझे हमेशा आकर्षित करती थीं और अब मैं भी शरारती हो गया हूं। मैं अपने दोस्तों और परिवार को मुझे यह किरदार निभाते हुए देखने का और इंतजार नहीं कर सकता।' शो की कहानी शनिदेव पर आधारित है, जिसे भगवान हनुमान नारद मुनी को सुनाते हैं और बताते हैं कि कैसे शनिदेव को 'कर्माधिकारी'कहा जाता है।



## फिर शुरू होगा 'देख भाई देख'

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर शेखर सुमन इन दिनों अपनी अपकमिंग वेब सीरीज 'हीरामंडी' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। उन्होंने फरीदा जलाल से मुलाकात की और उनकी सेहत के बारे में पूछा। साथ ही शेखर ने कहा कि वो जब भी वह 'देख भाई देख' के किसी अभिनेता से मिलते हैं, तो वो पुरानी यादों में खो जाते हैं। उन्हें याद आता है कि वो कैसे वो एक परिवार बन गया था। शेखर सुमन ने आगे कहा, 'उन्होंने प्रीमियर में फरीदा जलाल से बात की और उन्हें बताया कि अभी फाइनल नहीं है, लेकिन शायद 'देख भाई देख' का दूसरा पार्ट जल्द ही फिर से आएगा।' उन्होंने फरीदा जलाल से कहा कि इस शो में वो जरूर रहेंगी। खास बात ये है कि शो में काम करने के लिए फरीदा जलाल ने हां भी कर दिया है। शेखर ने बताया कि वो पूरी कोशिश कर रहे हैं कि ये शो जल्द शुरू हो। उन्होंने कहा कि एक प्रोडक्शन हाउस से बातचीत चल रही है और अगर सब कुछ ठीक रहा तो लोगों को जल्द ही शो देखने को मिलेगा। 'देख भाई देख' का एक वक्त हर कोई फैन था।



# दुश्मनी भुलाकर राजकपूर की आखिरी बर्थडे पार्टी में पहुंचे थे राजकुमार...

*मुंबई। दिग्गज निर्माता-निर्देशक राज कपूर ने साल 1987 में अपना आखिरी जन्मदिन मनाया था। राज का आखिरी बर्थडे बहुत धूमधाम से सेलिब्रेट किया गया था। इस पार्टी में बड़े-बड़े सितारों ने शिरकत की थी। इसमें राज कुमार भी आए थे। 37 साल पुराना वीडियो वायरल हो रहा है। क्लिप में रणबीर कपूर और करीना कपूर भी नजर आए। राज कपूर सिनेमा जगत के दिग्गज अभिनेता, निर्माता और निर्देशक रहे हैं। उन्होंने अपने अभिनय से दुनियाभर में पहचान हासिल की, फिर निर्देशन और निर्माण के जरिए कई कलाकारों को सुपरस्टार बनाया। आज भले ही वह हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनसे जुड़े किस्से या पुराने वीडियो और तस्वीरें अक्सर वायरल होती रहती हैं। राज कपूर ने 2 जून 1988 में हमेशा के लिए इस दुनिया को अलविदा कह दिया था। इससे पहले 14 दिसंबर 1987 को राज कपूर ने अपना आखिरी जन्मदिन मनाया था। उनके जन्मदिन के जश्न में बॉलीवुड के कई नामी सितारे भी आये थे। सालों बाद वायरल हो रहे वीडियो में दिखाया गया है कि कैसे सितारों ने जश्न को एन्जॉय किया। लाल जैकेट, व्हाइट शर्ट और पैंट में राज कपूर बैठे हुए हैं और सभी मेहमान उनसे मिलकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दे रहे हैं। ऋषि कपूर ने अपने पिता को गले लगाकर और पैर छूकर जन्मदिन की बधाई दी। फिर शशि कपूर ने भी भैया के पैर छूकर और गले लगाया बधाई दी। रणधीर कपूर भी मेहमानों के साथ गपशप करते दिखे। एक जगह दिग्गज अभिनेता राज कुमार को राजकपूर के माथे को चूमते हुए देखा गया। उनकी दोस्ती और दुश्मनी खूब चर्चा में रही है। दोनों के बीच साल 1969 में लड़ाई हो गई थी। इसके अलावा जितेंद्र, अनिल कपूर, कबीर बेदी, मंदाकिनी, जैकी श्रॉफ, शत्रुघ्न सिन्हा, रेखा और विनोद मेहरा समेत कई सितारों ने जन्मदिन के जश्न में रौनक बढ़ाई थी।*



# आसिम रियाज को फिर हुआ प्यार

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 13' फेम आसिम रियाज और हिमांशी खुराना ने पिछले साल अपने ब्रेकअप का ऐलान किया था। कपल ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में खुलासा किया था कि अलग-अलग धर्म से ताल्लुक रखने के चलते कपल ने अपनी राहें अलग कर ली। हिमांशी खुराना से ब्रेकअप को 5 महीने ही हुए थे कि अब आसिम रियाज के सोशल मीडिया पोस्ट को देखते हुए उनके फैंस कयास लगा रहे हैं कि शायद उनकी जिंदगी में प्यार ने दोबारा दस्तक दे दी है। हाल ही में 'बिग बॉस 13' के कंटेस्टेंट आसिम रियाज ने अपने सोशल मीडिया पर मिस्ट्री गर्ल संग एक फोटो साझा की है। इस फोटो को शेयर करते हुए एक्टर लिखते हैं, 'जिंदगी चलती रहती है। एक्टर की इस फोटो पर कमेंट करते हुए एक फैन लिखते हैं, 'जो भी हो बस दोनों एक-दूसरे के लिए बेस्ट हो और इस बार बस दोनों की शादी की खबर आएं। वहीं और एक फैन लिखते हैं, 'बहुत बहुत मुबारक हो आसिम आपके लिए बहुत खुश हूं।'



## आशुतोष राणा और विजय राज के साथ चलेगा पृथ्वीराज का जादू

# ओटीटी पर इस हफ्ते लगेगा क्राइम-मिस्ट्री का तड़का

*नई दिल्ली। ओटीटी पर इस हफ्ते क्राइम-मिस्ट्री का तड़का लगेगा। कई लोग सिनेमाघरों में बैठकर फिल्मों का मजा नहीं ले पाते हैं। वे घर बैठे ही रोमांचक शो और फिल्में देखना पसंद करते हैं। दर्शकों के लिए मई का दूसरा हफ्ता धमाकेदार साबित होने वाला है, क्योंकि इस हफ्ते कई वेब सीरीज और फिल्में रिलीज होने वाली हैं।*

**आवेशम :** 'आवेशम' 2024 की मलयालम एक्शन कॉमेडी फिल्म है, जिसका निर्देशन जीतू माधवन ने किया है। यह नाजरिया नाजिम और अनवर रशीद द्वारा निर्मित है। 'आवेशम' तीन किशोरों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो बेंगलुरु आते हैं और झगड़े के बाद एक स्थानीय गैंगस्टर से दोस्ती करते हैं। इसमें फहद फासिल, मिथुन जय शंकर और रोशन शनावास मुख्य भूमिकाओं में हैं और अन्य सहायक भूमिकाओं में हैं। फिल्म का संगीत सुशीन श्याम का है, जबकि समीर ताहिर ने सिनेमैटोग्राफी संभाली है और विवेक हर्षन ने संपादन किया है। 'आवेशम' 9 मई को अमेजन प्राइम वीडियो पर अपना ओटीटी डेब्यू करेगा।






**रत्नम :** 'रत्नम' हरि द्वारा निर्देशित 2024 की तमिल एक्शन फिल्म है, जो स्टोन बेंच फिल्म्स, जी स्टूडियोज और इनवेनियो ओरिजिन द्वारा निर्मित है। इसमें विशाल मुख्य भूमिका में हैं, उनके साथ प्रिया भवानी शंकर, रामचंद्र राजू और अन्य प्रमुख भूमिका में हैं। यह फिल्म 'थमीराभरानी' और 'पूजाई' के बाद विशाल और निर्देशक हरि के बीच तीसरे सहयोग का प्रतीक है। रत्नम कथित तौर पर इस सप्ताह अमेजन प्राइम वीडियो पर अपना ओटीटी डेब्यू करने के लिए तैयार है।

**8 एएम मेट्रो :** '8 एएम मेट्रो' एक पुरुष और एक महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जो रेलवे प्लेटफॉर्म पर मिलने के बाद दोस्त बन जाते हैं। फिल्म में गुलशन देवैया और सैयामी खेर मुख्य भूमिका में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म 10 मई को जी5 पर रिलीज होगी।



**आडुजीविथम - द गोट लाइफ :** 'आडुजीविथम - द गोट लाइफ' 2024 का मलयालम सर्वाइवल ड्रामा है, जो ब्लेसी द्वारा निर्देशित और सह-निर्मित है। यह बेन्यामिन के 2008 के उपन्यास 'आडुजीविथम' पर आधारित है, जो सऊदी अरब में चरवाहे के रूप में गुलाम बनाए गए एक मलयाली श्रमिक नजीब की सच्ची कहानी से प्रेरित है। यह फिल्म भारत-अमेरिका सहयोग से बनाई गई है, जिसमें पृथ्वीराज सुकुमारन, जिमी जीन-लुई और केआर गोकुल हैं, जबकि तालिब अल बलुशी, रिक एबी, अमला पॉल और शोभा मोहन की सहायक भूमिकाएं हैं। यह उपन्यास के प्रतिबंध के समान संयुक्त अरब अमीरात को छोड़कर सभी खलीजी देशों में प्रतिबंधित है। 10 मई से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 'आडुजीविथम' स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगी।



## खबर संक्षेप

### स्कूलों एवं कॉलेजों में नहीं होंगी रैलियां : डीसी

**हिसार।** लोकसभा आम चुनाव के तहत चुनाव रैलियों के लिए राजनीतिक पार्टियों व प्रत्याशियों को चुनाव आयोग से स्कूल एवं कॉलेजों के खेल के मैदान का उपयोग करने के लिए अनुमति नहीं दी जाएगी। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया ने बताया कि चुनाव प्रचार के दौरान जाति, धर्म, समुदाय के आधार पर मतदाताओं की भावनाओं को प्रभावित नहीं किया जाएगा और चुनाव प्रचार के दौरान उच्च मानदंडों का बनाए रखना होगा।

### तीन दिवसीय ग्लोबल हैप्पीनेस प्रोग्राम कल से

**हिसार।** आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा खुश, गतिशील और तनाव मुक्त जीवन के रहस्यों को सिखाने के लिए आर्ट ऑफ लिविंग के प्रणेता गुरुदेव श्रीश्री रवि शंकर के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर ग्लोबल हैप्पीनेस प्रोग्राम का आयोजन 9 से 12 मई तक किया जाएगा। इसमें गुरुदेव विश्व भर में वेबकास्ट के माध्यम से लाखों लोगों से रुबरू होंगे। आर्ट ऑफ लिविंग शिक्षक व हरियाणा स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर नीरज गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि हिसार के लोगों के सहूलियत के लिए हैप्पिनेस प्रोग्राम का आयोजन इस बार 2 स्थानों पर समय पर किया जाएगा।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर 19 को

**हिसार।** स्वर्गीय माता हरबंस कौर की पांचवीं पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति में चौ. फकीरचंद फतेहचंद मानव कल्याण समिति ट्रस्ट द्वारा 19 मई को विशाल निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। दिव्यांग पुनर्वास एवं स्वास्थ्य केंद्र द्वारा एमसी कॉलोनी स्थित भारत माता मंदिर के सभागार में यह शिविर प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक जारी रहेगा। इस स्वास्थ्य जांच शिविर के दौरान आंखों की निशुल्क जांच की जाएगी। नेत्र जांच के दौरान जिन बुजुर्गों की आंखों में सफेद मोतियाबिंद की शिकायत मिलेगी उनका नेत्र ऑपरेशन दिव्यांग केंद्र में अनुभवी चिकित्सकों द्वारा निशुल्क किया जाएगा।

### लोकतंत्र की सशक्त तस्वीर उंगली पर नीली लकीर

**हिसार।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग, मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय हरियाणा सहित जिला प्रशासन मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने और अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक करने में अहम भूमिका निभा रहा है। जिला प्रशासन की ओर से हरियाणा राज्य परिवहन की बसें न केवल हरियाणा राज्य बल्कि देश के अन्य राज्यों के मतदाताओं को भी जागरूक करने में मददगार बन रही हैं। सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा द्वारा हरियाणा राज्य परिवहन की बसों पर मतदाता जागरूकता प्रचार सामग्री चस्पा की गई है जो मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक कर रही हैं। इन पोस्टरों में आम जनता से छुट्टी का दिन समझकर घर पर आराम न फरमाइए-मतदान केंद्र पर मतदान करने आइए, लोकतंत्र की सशक्त तस्वीर-उंगली पर नीली लकीर जैसे जागरूकता स्लोगन एवं टैगलाइन से मतदान के महत्व एवं अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की जा रही है।

### चुनाव में आपसी भाईचारा कायम रखें : डॉ. भारद्वाज

**बरवाला।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व सदस्य एवं महर्षि दधिचि परमार्थ आश्रम ट्रस्ट के चेयरमैन डॉ. हर्षमोहन भारद्वाज ने कहा कि लोकतंत्र के इस पर्व में हमें आपसी भाईचारा कायम रखते हुए भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक ताकतों द्वारा चुनाव की आड़ में समाज में भाईचारा बिगाड़ने की कोशिश की जाती है, ऐसे में हमें ऐसी ताकतों से सावधान रहना होगा। डॉ. भारद्वाज ने कहा कि हमें झूठी अफवाहों से भी सावधान रहना होगा। एचएसएससी के पूर्व सदस्य ने कहा कि कुछ असामाजिक ताकतों द्वारा हमें धर्म और जातीय स्तर पर बांटने की कोशिश भी हो सकती है।

## कैंटीन का स्थान बदलने को लेकर बंटे पूर्व सैनिक

# ब्रिगेडियर से मिलकर दोनों ने रखा अपना-अपना पक्ष



**बाढडा।** बाढ़ड़ा कैंटीन में पहुंचे ब्रिगेडियर के समक्ष पक्ष रखते पूर्व सैनिक।

लोगों का कहना है कि 90 प्रतिशत पूर्व सैनिक कैंटीन को यहीं पर रखना चाहते हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढ़ड़ा

कस्बे के जेवली रोड स्थित ईएसम कैंटीन का स्थान बदलने को लेकर क्षेत्र के पूर्व सैनिकों दो पक्षों में बंटे हुए नजर आ रहे हैं। काफी संख्या में पूर्व सैनिक कैंटीन को इसी स्थान पर रखने के पक्ष में हैं।

इसे लेकर मंगलवार को उन्होंने हिसार कैंट से बाढ़ड़ा कैंटीन पहुंचे ब्रिगेडियर संजय शर्मा व रिटायर्ड कर्नल दीवानसिंह से मिलकर अपना पक्ष रखा। वहीं कुछ पूर्व सैनिक यहां होने वाली असुविधाओं का हवाला देकर इसे दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग कर रहे और उन्होंने भी ब्रिगेडियर के समक्ष असुविधाओं से अवगत करवाया। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच कैंटीन के बाहर काफी गर्मागर्मी भी देखने को मिली। बता दें कि पूर्व सैनिक एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेश की अगुवाई में कैंटीन पहुंचे पूर्व सैनिकों कैंटीन को दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग पर रोष जताया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग जिनमें प्रॉपर्टी डीलर भी शामिल हैं वे अपने निज स्वार्थ के लिए कैंटीन को दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कैंटीन में सभी सुविधाएं मिल रही और कोई कमी है तो वे उसे पूरा करवाने का प्रयास करेंगे। वे किसी भी सूरत में कैंटीन को शिफ्ट नहीं होने देंगे और कैंटीन शिफ्ट की तो वे आंदोलन शुरू कर देंगे।

### कैंटीन के रास्ते पर दूषित जलभराव की समस्या

वहीं दूसरे पक्ष के लोगों ने भी कैंटीन के रास्ते पर दूषित जलभराव व फैक्ट्री से उड़ने वाली धूल का हवाला देकर कैंटीन को शिफ्ट करने की मांग की है। उन्होंने ब्रिगेडियर से मिलकर अपना पक्ष रखा और कैंटीन को इसी स्थान पर रखने के पक्ष के लोगों का कहना है कि 90 प्रतिशत पूर्व सैनिक कैंटीन को यहीं पर रखना चाहते हैं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजेश कुमार, वीरेंद्र बडराई, भीमसिंह द्वारका, कैप्टन सत्यवीर जेवली, सूबेदार पवन कुमार,सुरेंद्र कुमार, दुलीचंद, ईश्वर सिंह, सूबेदार हीरा सिंह, राजवीर सिंह, सोमबीर आदि मौजूद थे।

# दूषित पानी और भोजन से फैलता पीलिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

पीलिया रोग दूषित पानी तथा दूषित भोजन से फैलता है। पीलिया आमतौर पर गर्मी तथा बरसात के दिनों में फैलता है। इस रोग से बचने के लिए काफी सावधानियां बरतने की जरूरत है।

सिविल सर्जन डॉ. गौरव भारद्वाज ने स्वास्थ्य विभाग की गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पीलिया होने के लक्षणों में यदि व्यक्ति का पेशाब पीला आता हो व आंखों तथा चमड़ी का रंग पीला पड़ गया हो और भूख कम लगती हो तो उसे तुरन्त नजदीकी स्वास्थ्य संस्था से सम्पर्क स्थापित करना चाहिए। उन्होंने बताया कि रोग से बचाव के लिए पीने का पानी सुरक्षित स्त्रोत से लें तथा पीने का पानी उबालने के बाद ठंडा करके पीऐं या पीने के पानी में उचित मात्रा में क्लोरीन की गोली अथवा ब्लीचिंग पाउडर डाल दें व पानी के बर्तन को ढक कर रखें तथा पानी निकालने के लिए डंडी वाले लोटे का प्रयोग करें। साथ ही खाना बनाने, परोसने और खाने से पहले, शौच के बाद साबुन से अच्छी तरह हाथ धो लें। इसके साथ ही भोजन हमेशा ताजा, शुद्घ तथा गर्म सेवन करें। खाद्य पदार्थों को सदैव ढककर रखें ताकि उन्हें मक्खी व धूल से बचाया जा सके।

### चौधरीवास गांव में तारकोल फैक्ट्री फैला रही प्रदूषण

**हिसार।** गांव चौधरीवास में गोरछी रोड पर बनी एक तारकोल फैक्ट्री पिछले कई महीनों से लगातार प्रदूषण फैला रही है और नियमों को ताक पर रखकर फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा है। इसके बारे में पास की ढाणी में रहने वाली सीरजू ने प्रदूषण बोर्ड को शिकायत भी की है लेकिन अब तक उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई है। सीरजू के पति वीर सिंह के अनुसार अप्रैल में उसकी पत्नी की तरफ से शिकायत दी गई थी, क्योंकि उस समय वह बीमार चल रहे थे और इस वजह से वह खुद शिकायत देने की हालत में नहीं थे। साथ ही इस फैक्ट्री के प्रदूषण के कारण ही वह बीमार हुए थे। फैक्ट्री में तारकोल बनाने का काम किया जाता है और इसके लिए रबड़ व प्लास्टि जलाया जाता है, जिससे काफी काला व जहरीला धुआं निकलता है। इस कारण उसके खेतों में सब्जियां या अन्य फसलें नहीं पैदा हो रही हैं और जहरीले धुएं के कारण बकरियां भी मर चुकी हैं।

### अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ ने बैठक की आयोजित

**हिसार।** भारतीय मजदूर संघ से संबंधित अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक पारिजात चौक के पास स्थित संगठन कार्यालय में प्रदेशाध्यक्ष कंवरपाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक का संचालन प्रदेश महासचिव ओमवीर यादव ने किया। बैठक में संगठन की अनुशासन समिति सदस्य एवं भारतीय मजदूर संघ प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश बालू व प्रांत मंत्री देवीलाल गुराना विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रदेश महासचिव ओमवीर यादव ने बताया कि बैठक में संगठन के एजेंडे को लेकर विस्तार से चर्चा हुई और निर्णय लिया गया कि 15 जून तक प्रदेश के सभी जिलों में प्रदेश पदाधिकारी प्रवास करेंगे।

## तीन दिवसीय सूचना और संचार प्रौद्योगिकी कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा के बीके शिक्षण महाविद्यालय में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर रविंद्र राठी की अध्यक्षता में तीन दिवसीय सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें भावी अध्यापक.अध्यापिकाओं ने बढ़ चढ़कर के भाग लिया। इस कार्यशाला में बाहर से विशेष रूप से आमंत्रित विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी की बारीकियों से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों को एमएस वर्ड, एक्सेल, पावरपोईंट प्रेजेंटेशन,लेटर राइटिंग, बायोडेटा, ब्लॉग राइटिंग, विडियो एडिटिंग, फोटो एडिटिंग, इंटरनेट, इ.मेल राइटिंग आदि के बारे मे जानकारी दी गयी। कार्यशाला के समापन पर सचिव योगेश शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय में इस तरीके की गतिविधियां सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है और उन्होंने यह भी कहा कि आज का युग तकनीक का युग है और इस तकनीकी युग में अध्यापक को तकनीकी जानकारी होना बहुत आवश्यक है। आज तकनीक के माध्यम से ही एक अध्यापक विश्व भर के विद्यार्थियों को शिक्षित कर सकता है। इस अवसर पर उनके साथ सहायक प्रवक्ता अंकित गोयल, डॉक्टर साक्षी, कपिला वशिष्ठ व हर्ष विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## एनसीसी कैडेट्स की दी महत्वपूर्ण जानकारी



**भिवानी।** पब्लिक स्कूल बाल भवन में सोमवार को 11 एचएआर बटालियन एनसीसी भिवानी के कर्नल रणधीर सिंह ने एनसीसी कैडेट्स का निरीक्षण किया। इस दौरान स्कूल के एनसीसी कैडेट्स ने गर्म जोशी से स्वागत किया। कर्नल रणधीर सिंह ने बच्चों को एनसीसी के महत्व और भविष्य में एनसीसी से मिलने वाली नौकरियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। रणधीर सिंह ने एनसीसी रूम तथा सभी दस्तावेजों की जांच की। इसके बाद रणधीर सिंह ने प्राचार्या मंजूषा से एनसीसी से संबंधित विषयों पर बातचीत की।

# स्वीप अभियान के तहत गांव चांग में लोक गीत व भजनों से लोगों को किया जागरूक

- सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की भजन पार्टी ने कम मतदान वाले बूथों के मतदाताओं को मतदान के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

जिला निर्वाचन अधिकारी नरेश नरवाल के निर्देशानुसार सूचना,जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की भजन पार्टी द्वारा कम मतदान वाले बूथों पर जाकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में गांव चांग में स्वीप अभियान के तहत मतदान करने के लिए मतदाताओं को प्रेरित किया। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी संदीप हुडा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुरूप लोकसभा चुनाव 25 मई को लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए थीम चुनाव का पर्व.देश का गर्व को लेकर स्वीप अभियान चलाया जा रहा है। विभाग की भजन पार्टी द्वारा विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को लोकसभा चुनाव में अपने मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। नागरिकों को चुनाव का पर्व.देश का गर्व थीम के महत्व के बारे में जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि विभाग के भजन पार्टी लीडर दलबीर सिंह, सदस्य राजेश, फूला, नरेश ने गांव चांग के बूथ नंबर 165 पर लोक गीतों व भजनों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने का संदेश दिया।

### लोकसभा चुनाव में मतदान बढ़ाने को लेकर कम प्रतिशत मतदाने वाले बूथों की सूची तैयार की

कलाकारों ने वोट के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपने मत का प्रयोग जरूर करें ताकि मतदान प्रतिशत अधिक से अधिक हो। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नरेश नरवाल के आदेशानुसार जिला में प्रत्येक विधानसभानुसार दस.दस ऐसे बूथों की सूची तैयार की गई है, जहां पर विगत लोकसभा चुनाव में सामान्य से मतदान प्रतिशत कम हुआ था। अब लोकसभा चुनाव.2024 में इन्ही बूथों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने का फोकस रखा गया है। स्वीप के जिला नोडल अधिकारी एवं एडीसी हर्षित कुमार के निर्देशानुसार शिक्षण संस्थाओं में भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान अक्षय, रणजीत, दलीप सिंह, राजेन्द्र सिंह, विनय, वीरेंद्र, धोलिया, सुशील सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### घीसाराम के निधन पर लोगों ने जताया शोक

**लोहारू।** उपमंडल के गांव सोहांसरा निवासी समाजसेवी घीसाराम का मंगलवार को हृदयगति रुकने से निधन हो गया। वे लगभग 71 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार पैतृक गांव सोहांसरा में गमगीन माहौल में किया गया। वे अपने पीछे तीन पुत्रों मामनराम, भीम सिंह और बलवान सहित नाती पौत्रों का भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन की सूचना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बता दें कि घीसाराम सामाजिक व्यक्ति थे और उनके पुत्र भीम सिंह और बलवान सिंह सामाजिक कायांरे् से बढ़ चढकर हिस्सा लेते हैं। यहीं नही ये दोनों भाई पिछले करीब दो दशकों से सोहांसरा और आसपास के दो दर्जन से अधिक गांवों में समाचार पत्र वितरण का कार्य कर रहे हैं।

# एसईडी वमावि में मनाई रवीन्द्रनाथ टैगोर जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

- छठी से पलक, कविता, शगुन ने रवीन्द्र नाथ के विचार व्यक्त किए
- आठवीं से अंश, मयंक जांगड़ा, ने टैगोर की जीवनी पर प्रकाश डाला

ढाणी शंकर स्थित एसईडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में को विश्वविख्यात कवि, साहित्यकार और भारतीय साहित्य के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. जसवंत सहारण, विद्यालय के निदेशक बिरेन्द्र सिंह एवं प्राचार्य विनोद गहलोत सभी को बधाई देते हुए टैगोर को कोटि.कोटि नमन किया ।इस समारोह में छात्र.छात्राओं ने बढ़.चढ़कर भाग लिया । कक्षा छठी से पलक, कविता, शगुन ने रवीन्द्र नाथ के विचार व्यक्त किए। कक्षा सांतवी एवं आठवीं से अंश, मयंक जांगड़ा, ने टैगोर की जीवनी के विषय में विद्यार्थियों को अवगत कराया तथा मुस्कान ने टैगोर की कविता .आज तू बिखरा है, एक रोज तू बिखरेगा पढ़ी और सभी को इस कविता से प्रेरणा लेने की बात कही। प्राचार्य ने सभी छात्र- छात्राओं का हौसला बढ़ाया।



**भिवानी।** स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुती देती एक प्रतिभागी।

# बाल विवाह एक्ट व पोक्सो एक्ट की जानकारी दी

- सीजेएम ने बाल विवाह एक्ट, और किशोर न्याय एक्ट कार्यशाला में दिए जरूरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार प्राधिकरण के सीजेएम.कम.सचिव कपिल राठी की अध्यक्षता में स्थानीय एडीआर सेंटर में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में मध्यस्थोंए पैनल अधिवक्ताओं और पैरा लीगल वॉलिंटियर्स के लिए किशोर न्याय बच्चों की देखभाल और संरक्षण अधिनियम व पास्को अधिनियम एवं बाल विवाह अधिनियम बारे कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सीजेएम राठी ने संबंधित अधिनियम पर विस्तार से प्रकाश डाला और जरूरी निर्देश दिए। कार्यशाला में जिला बाल संरक्षण अधिकारी हरबंस कौर ने बताया कि कानून के अनुसारए निश्चित आयु से पहले किसी भी बच्चे का विवाह यानी नाबालिग उम्र में बच्चे का विवाह कर देना बाल विवाह होता है। जो कि कानूनी अपराध है। उन्होंने बताया कि समाज में बाल विवाह के सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक एवं धार्मिक रूप में कई कारण हैं। विवाह में अधिक खर्च आता हैए जिससे बचने के लिए कई परिवार वाले अपने बच्चों का बाल विवाह कर देते है। घर में एक शादी तय होती है तो, मां.बाप सोचते हैं कि इसी के साथ दूसरे बच्चे की शादी कर दी जाए। उन्हें इस बात से कोई मतलब नहीं होता है कि बच्चों की आयु क्या है। इस तरहए माता.पिता को प्रति विवाह खर्च न्यूनतम मिलता है। कई बार देखा गया है कि घर के बड़े.बुजुर्ग कहते है कि वो अपने घर के बच्चों की शादी देख लें और उसके बाद चाहे उनकी मृत्यु हो जाएए जिसके नतीजनए किशोरावस्था में ही बच्चों के हाथ पीले कर दिए जाते हैं।

### पोरनोग्राफी के विरुद्ध कार्यवाही के कड़े प्रावधान

जोकि कानूनी रूप से अपराध है, जिसमें सजा का प्रावधान है। कार्यशाला में प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता विनोद कुमार ने पॉक्सो अधिनियम और किशोर न्याय ;बच्चों की देखभाल और संरक्षण अधिनियम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण करने संबंधी अधिनियम है, बाल यौन.शोषण, यौन उत्पीड़न एवं पोनारे्ग्राफी के विरुद्ध कार्यवाही के लिए कड़े प्रावधान किए गए है। यदि बच्चे द्वारा कोई गैर क़ानूनी या समाज विरोधी कार्य हो जाता हैए तो इस गैर कानूनी कार्य को बाल अपराध कहा जाता है। कानूनी प्रक्रिया के तहत बाल अपराध आठ वर्ष से अधिक तथा 16 वर्ष से कम आयु के बालक द्वारा किया गया अपराध गैर कानूनी होगा, जिसे कानूनी प्रक्रिया के तहत बाल न्यायालय के समक्ष उपस्थित करते है। उन्होंने बताया कि विधेयक के प्रावधानों के अनुसारए गंभीर अपराधों में लिप्त पाए जाने वाले बाल अपराधियों को जेल की सजा दी जा सकती है। जबकि उन्हें उम्रकैद या फांसी की सजा नहीं होगी। इस अवसर पर अनेक पैनल अधिवक्ता गण व पीएलवी मौजूद थे।

## मतदाता सेल्फी प्वाइंट के बाद निकाली मतदाता जागरूकता रैली

# सारे काम छोड़कर मतदान करने को किया प्रेरित

- स्वस्थ एवं विकसित लोकतंत्र के लिए शत-प्रतिशत मतदान करना बहुत जरूरी : कृष्ण
- मतदाताओं पर ही टिकी होती है लोकतंत्र की मजबूत नींव : पिंकू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

हरियाणा में 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में मत प्रतिशत्ता बढ़ाने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न जागरूकता अभियान चलाए हुए है, जिनके माध्यम से नागरिकों को मतदान के महत्व से अवगत करवाया जा रहा है। इसी कड़ी में गांव घुसकानी स्थित शहीद कैप्टन ओपी दलाल राजकीय उच्च विद्यालय द्वारा विभिन्न माध्यमों से ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है, जिसके तहत विद्यालय में मतदाता सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया, जहां पर ग्रामीण व विद्यार्थी सेल्फी लेकर मतदान के महत्व को जान रहे है। इसी श्रृंखला में राजकीय उच्च विद्यालय घुसकानी के विद्यार्थियों ने मंगलवार को पीटीआई विनोद पिंकू के नेतृत्व में जागरूकता रैली निकाली। रैली को मुख्याध्यापक कृष्ण कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में विद्यार्थियों ने हाथों में जागरूकता बैनर लेते हुए विभिन्न गलियों का भ्रमण किया तथा सारे काम छोड़ दो-सबसे पहले वोट दो, अपनी ताकत को पहचान, चलो करें हम सब मतदान, लोकतंत्र हो तभी महान-सब करें जब मतदान जैसे नारों के साथ शत प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। इस अवसर पर गुड्डी देवी, लक्ष्मी देवी, मुकेश सांगवान, विजेंद्र, नवीन ढांडा, आंगनबाड़ी वर्कर नीता, रोशनी, प्रवेश कुमारी, सुमन, सुदेश, बिमला, सुरेंद्र सिंह, संदीप दुग्गल, सुनील गिल, ममता, जोगेंद्र सांगवान आदि मौजूद रहे।




**भिवानी।** मतदान जागरुकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते अतिथि।

### मतदाता लोकतंत्र का आधार स्तंभ

मुख्याध्यापक कृष्ण कुमार ने कहा कि स्वस्थ एवं विकसित लोकतंत्र के लिए नागरिकों को शत-प्रतिशत मतदान करना चाहिए। पीटीआई विनोद पिंकू ने कहा कि मतदाता लोकतंत्र का आधार स्तंभ है। सरकार के गठन में चुने हुए प्रतिनिधियों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। पिंकू ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूत नींव मतदाताओं पर टिकी होती है, जो भी युवा 18 वर्ष से अधिक उम्र के है, उन्हें मतदान अवश्य करना चाहिए।

# मन की अनुभूति का आइना हैं कविताएं : डॉ. मलिक

**भिवानी।** वैसे तो सम्पूर्ण साहित्य समाज का आइना हैं, लेकिन बात जब कविताओं की आती हैं तो मन की अनुभूति का दूसरा नाम कविताएं होती हैं, ये चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के डीन स्टूडेंट एवं एनएसएस कोर्डिनेटर डॉ. सुरेश मलिक ने कही। वे आज डॉ. वीएम बेचैन की नव प्रकाशित हरियाणवी कविताओं की पुस्तक सुणो छोरियों का अवलोकन कर रहे थे।

डॉ वीएम बेचैन से प्राप्त पुस्तक पर नजर दौड़ाते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणवी जनजीवन की भावनाओं को कविताओं के माध्यम से प्रस्तुत कर कवि ने अपना धर्म निभाया हैं। उन्होंने कहा कि आज समाज को उचित मार्गदर्शन और संवेदनात्मक



सहयोग की जरूरत हैं। साहित्य इस बारे में अहम भूमिका निभा सकता हैं। डॉ. सुरेश मलिक ने पुस्तक प्रकाशन पर कवि को बधाइयां देते हुए शुभकामनाएं दी और कहा कि साहित्य में डॉ. बेचैन अपना योगदान दे रहे हैं। इस पर डॉ. लखबीर सिंह, निशांक, मंजीत ढांडा आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### रम्पा विद्रोह 1922-24 के नायक थे अल्लूरी : यादव

**भिवानी।** अल्लूरी सीताराम राजू आंध्र प्रदेश में रम्पा विद्रोह 1922-24 के नायक थे। उन्होंने ब्रिटिश शासन के मद्रास वन अधिनियम 1882 में आदिवासियों का शोषण हो रहा था के विरोध में सशस्त्र गतिविधियों को संचालित किया था। ये बात स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी कल्याण संगठन के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्र पाल यादव ने अल्लूरी सीताराम राजू को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कही।

### मतदान केंद्रों पर गर्मी से बचाव के होंगे विशेष प्रबंध

**भिवानी।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार गर्मी के मौसम को देखते हुए लोकसभा चुनाव 25 मई को मतदान के दिन मतदान केंद्रों पर विशेष प्रबंध किए जाएंगे। हीट वेव से बचाव के लिए तथा छाया के लिए टेंट, पंखे, पीने का पानी सहित मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी। जिला निर्वाचन अधिकारी नरेश नरवाल ने बताया कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुरूप लोकसभा चुनाव की सभी तैयारी हो चुकी हैं। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वे 25 मई को लोकतंत्र का त्यौहार मनाएं ।

### गैर मान्यता प्राप्त 70 स्कूल होंगे बंद

**भिवानी।** जिले के गैर मान्यता प्राप्त लगभग 70 स्कूल बंद होंगे। इसके लिए शिक्षा विभाग ने करवाई शुरू की है। जिला शिक्षा अधिकारी नरेश मेहता ने इसके लिए टीम बना दी है वहीं प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन ने भी शिक्षा विभाग का साथ देने की बात कही है। उनका कहना है की गैर मान्यता प्राप्त स्कूल बंद होने चाहिये। भिवानी जिले में ऐसे बहुत से स्कूल है जो गैर मान्यता के ही चल रहे थे। ये स्कूल बच्चे के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे है। स्कूलों में ना तो बच्चों के लिए बैठने की व्यवस्था है ना ही अन्य सरकारी

### स्वास्थ्य विभाग ने चलाया लार्वा ढूंढने का अभियान

**भिवानी।** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शहर के बाहरी व अंदरूनी इलाकों में मच्छरों का लारवा ढूंढने का अभियान चलाया। कई घरों में पानी जमा मिला तो उस पानी में पहले मच्छरों के लारवे की जांच की। इस दौरान जिन घरों के कूलरों में कई दिनों का पानी मिल, उसको बिखरवाया गया। सुबह से लेकर शाम तक टीम का अभियान चलता रहा। टीम के अभियान के बाद लोगों में हड़कम्प की स्थिति बन गई। यहां यह बताते चले कि पहली मई से लेकर 10 मई तक जिले में मच्छरों को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

## ग्रामीणों ने लोकसभा चुनावों का बहिष्कार करने की बात कही

# समस्या का समाधान न होने पर फूंका सरकार का पुतला

### तीन दिनों में मांग पूरी नहीं हुई तो अनशन शुरू करने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा



बवानी खेड़ा। गांव बड़सी में पुतला दहन करते हुए। फोटो : हरिभूमि


बवानीखेड़ा। गांव दुर्जनपुर में पुतला फूंकते हुए। फोटो : हरिभूमि

एक तरफ जहां चिलचिलाती और दम निकालती गर्मी में चुनावों का जोर योवन पर है वहीं दूसरी और गांव बड़सी मजरा के ग्रामीणों ने जायज मांगें पूरी न होने को लेकर एनएचएआई के अधिकारियों एवं केंद्र सरकार का पुतला फूंककर रोष व्यक्त किया। पार्षद अमित औला और प्रदीप चाहर सरपंच प्रतिनिधि ने धरने की अध्यक्षता की और अधिकारियों को तीन दिन का अल्टीमेटम दिया। धरना समिति के कार्यकारिणी सदस्य सज्जन फौजी,सुभाष पंच, प्रधान रोशन शेषमा, राजबीर रुंडला, सतपाल रंगा तथा ग्रामीणों ने सरकार व अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बताया कि यदि तीन दिन में मांग पूरी नहीं हुई तो अनशन शुरू करेंगे और लोकसभा चुनाव का बहिष्कार के साथ प्रचार रोकने को भी मजबूर होंगे। उल्लेखनीय है कि बड़सी से मिलकपुर हाइवे पर एनएचएआई 148बी हांसी से भिवानी मार्ग के निर्माण में मिलकपुर, दुर्जनपुर, बड़सी जाटान, बड़सी गुजरान, चौरटापुर, सिकंदरपुर, जीता खेड़ी, ढ़ाणी केसला की पंचायत एवं ग्रामीणों का कहना है कि पंचायतों ने इंट्री एक्जिट का निर्माण, पुल की हाइट चार मीटर से पांच मीटर करने तथा खेतों में सिंचाई के नालों का उचित निकास करवाने की मांग है। लेकिन उनकी मांगों को लेकर किसी अधिकारी व सरकार के नुमांइदें ने अब तक किसी ने सुध नहीं ली। जिसको लेकर ग्रामीणों का रोष दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है और सभी गांवों के मौजिज व्यक्तियों एवं ग्रामीणों ने मिलकर सार्वजनिक पंचायत में फैसला लेते हुए बताया कि लोकसभा चुनाव के वोटिंग वाले दिन तक हमारी मांग पूरी नहीं हुई तो पांचों गांव चुनाव का पूर्ण बहिष्कार करेंगे। जब तक मांग पूरी तब तक अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। इसके अलावा यदि मांग पूरी नहीं होती है तो पुरा बड़सी मजरा लोकसभा चुनावों का बहिष्कार करेगा। सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रत्याशीयों का बड़सी मजरा के गांवो में प्रवेश निषेध रहेगा। वहीं चुनाव तक सभी राजनीतिक पार्टियों का चुनाव प्रचार दुर्जनपुरए बड़सी जाटान, बड़सी गुजरान, चोरटापुर, सिकंदरपुर, मिलकपुर, जीता खेड़ी, ढाणी केशला में रोक दिया व नेताओं के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी है।

वहीं बताया जाता है कि अजय सिंह चौटाला ने किसानों को समर्थन दिया हुआ है। लेकिन किसान भी अनिश्चितकालीन धरने पर डटे रहे और रोष जाहिर कर पुतला फूं का।

## दानसिंह के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

- खुली जीप में सवार होकर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ने किया सभी का अभिनंदन स्वीकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी राव दान सिंह ने मंगलवार को भिवानी में रोड शो निकला। जिसमें हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। ढोल नंगाड़े और डीजे के साथ रोड शो ऑटो मार्केट से शुरू होकर शहर के मुख्य बाजारों में होता हुआ दिनोद गेट पर संपन्न हुआ। रोड़ शो के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी राव दान सिंह खुली जीप में सवार होकर लोगों से उन्हें मत व समर्थन देने की अपील की। वहीं कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों ने जगह जगह कांग्रेस प्रत्याशी का फूल माला और पगड़ी पहनाकर जोरदार स्वागत किया। रोड शो के दौरान शहरवासियों द्वारा कई जगहों पर स्वागत के लिए द्वार बनाए गए थे। इस दौरान बाजार में व्यापार संगठन से जुडे दुकानदारों ने फूलमालाओं से राव दानसिंह सिंह का जोरदार स्वागत किया। राव दान सिंह ने कहा कि भिवानी मेरी जन्मभूमि है और महेंद्रगढ़ मेरी कर्मभूमि है। मैं अपनी जन्म व कर्मभूमि का कर्ज चुकाने के लिए जीवन भर में लोगों की सेवा करूंगा। लोकसभा क्षेत्र की हर मांग को सडक़ से लेकर संसद तक उठाऊंगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने युवाओं के साथ अन्याय किया है। युवाओं को वादा करके भी उन्हें रोजगार नहीं दिया। आए दिन परीक्षाओं के पेपर लीक जैसे मामले सामने आ रहे हैं। कांग्रेस युवाओं के भविष्य को लेकर गंभीर है। नौकरी की पक्की गारंटी देने के लिए प्रशिक्षुता अधिकार अधिनियम लाया जाएगा।

## सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में अंग्रेजी कविता प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में अंग्रेजी भाषा में कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें कक्षा पहली से पांचवी तक के छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में मुख्यतिथि के रूप में स्कूल प्रबंधक मनीष सिंह, स्कूल निर्देशिका कीर्ति चौहान व प्राचार्या कीर्ति आहुजा उपस्थित रही।

सर्वप्रथम पहली व दूसरी कक्षा के नन्हे-मुन्ने छात्रों ने अंग्रेजी में मनमोहक कविताएं सुनाई। कविता के माध्यम से छात्रों ने प्रकृति, जल, पिता, पेड़ व तितलियों के विषय में कविता का उच्चारण किया। उच्चारण के साथ-साथ छात्रों ने अनेक चित्रों के माध्यम से अपनी कविता का बख्यान किया। तीसरी से पांचवी के प्रतिभागियों ने पेड़ लगाओ, धरा बचाओ का संदेश देते हुए अपनी कविताएं प्रस्तुत की। नन्हे-मुन्ने छात्रों ने अपनी मधुर कविताओं से बच्चों एवं शिक्षकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। छात्र पेड़ और रंग बिरंगे पत्तों से सुशोभित होकर हरियाली कविता प्रस्तुत कर रहे थे।

**ये रहा परिणाम**

वहीं कक्षा पहली से पदमनी ने प्रथम, माही द्वितीय, गणिएका तृतीय स्थान पर रही। दूसरी में वीर प्रताप प्रथम, यशिका द्वितीय, यशमीत, आदित्य, प्रियांशी तृतीय रही। तीसरी में कर्णिका प्रथम, खुशी द्वितीय व तन्वी व देवांश तृतीय रहा। चौथी में ध्रुरव लांबा प्रथम, ध्रुव आनंद द्वितीय तथा राजनंदनी तृतीय स्थान पर रही। कक्षा पांचवीं में विभा व कनिष्का प्रथम, तनवी द्वितीय, तृतीय अभिनव व निधि और तृतीय श्रेणी में दिशा व श्रेय रहे।

### भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर कल

**भिवानी।** हालुवास गेट स्थित सिद्धपीठ बाबा जहरगिरि आश्रम में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में नौ मई वीरवार को दोपहर तीन बजे फ्री मेडिकल कैंप का लगेगा। आश्रम प्रवक्ता सुरेश सैनी ने बताया कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शिव शक्ति जनकल्याण सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में पुराना बस स्टैंड स्थित न्यूक्लियस हॉस्पिटल के चिकित्सकों द्वारा फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आश्रम पीठाधीश्वर अंतरराष्ट्रीय श्रीमहंत डॉ. अशोक गिरि महाराज का सानिध्य रहेगा। कैंप में कान, नाक, गला एवं कैंसर रोग जांच, हृदय, दमा, सामान्य एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन द्वारा दूरबीन द्वारा मुफ्त जांच की जाएगी।

## पानी की बर्बादी करने वाला व्यक्ति सबसे बड़ा अपराधी

- गांव हसान में ग्रामीणों को पानी बचाने को प्रेरित करने को चलाया डोर टू डोर अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

मंगलवार को क्षेत्र के गांव हसान में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग तोशाम के कार्यकारी अभियंता विकास धनखड़ के दिशा-निर्देशानुसार उपमंडल अभियंता विक्रम पूनिया व कनिष्ठ अभियंता योगेंद्र जाखड़ के मार्गदर्शन में हसान जलघर की टीम ने पूरे गांव में डोर टू डोर जल संरक्षण अभियान चलाया। इस दौरान जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में कार्यरत व हरियाणा सयुंक्त कर्मचारी संघ ब्रांच तोशाम के सचिव संदीप गौड़ ने कहा कि जो व्यक्ति पीने के पानी की बर्बादी करता है वो गांव का सबसे बड़ा अपराधी है, क्योंकि खून के बाद पानी एक ऐसा तत्व है जिसे हम किसी भी मशीन से नहीं बना सकते। उन्होंने कहा कि पानी के महत्व को समझे, इसकी बर्बादी को रोकें तो सीमित संसाधन की उपलब्धता कम हो जाएगी तो ये हमें पेट्रोल व डीजल से भी महगें भाव पर उपलब्ध होगा। ग्रामीण सरपंच प्रतिनिधि जयभगवान तक्षक, राजेश प्रधान, पवन धायल, सूर्यकांत नुनाच,पप्पू नुनाच, जयसिंह फौजी व आनदं शयोराण आदि ने विभाग के जल संरक्षण अभियान की सहराना करते हुए कहा कि विभाग को समय समय पर ऐसे अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करते रहना चाहिए।

## भाजपा ने पर्ची-खर्ची की परंपरा को जड़ से किया खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


भिवानी। जनसम्पर्क अभियान के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी धर्मबीर सिंह।

महेंद्रगढ़.भिवानी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी धर्मवीर सिंह ने अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान विभिन्न गांवों को दौरा कर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जब से प्रदेश व केंद्र में भाजपा की सरकार बनी है तब से युवाओं को योग्यता के आधार पर रोजगार के उचित अवसर प्रदान किए जाए रहे। पर्ची व खर्ची की प्रथा को जड़ से खत्म किया है। उन्होंने कहा कि किसानए मजदूर व आम वर्ग के उत्थान के लिए अनेक योजनाओं को लागू किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के कोई मुद्दा नहीं है और वो लोग घोषणा पत्र के अंदर बोलते हैं कि अगर हमारी सरकार आई तो दोबारा से धारा 370 को लागू करेंगे। सबको पता है 2014 से पहले देश में धारा 370 के कारण भय और आतंकवाद माहौल था। धर्मवीर सिंह ने बाढड़ा विधानसभा के गांव जीतपुरा, भारीवास, उमरवास, ढाणी खटीकान, काकड़ोली सरदारा, काकड़ोली हट्टी, हड़ौदी, हड़ोदा कला.खुर्द, मांढी हरिया, ढाणी अहिरान, मांढी पिरानू, मांढी केहर, जगरामबास, हुई, डालावास, बाढड़ा, पंचगांव,गोपी, काकड़ो हुकमी, लाडावास, द्वारका, श्यामकलान, डांडमा.भोपाली, सिरसली, कारी रूपा.दास, कारी धारणी, कारी आदु, कारी तोखा, नांगल चौधरी विधानसभा के गांव रघुनाथपुरा, गहली, हमीदपुर, गो, बलाहा, नांगलिया, दोचाना, बदोपुर, जादुपुर, भांखरीए खटोटी खुर्द.कलांए मक्सुस्पुर, थाना, कुलताजपुर, हसनपुर, रामबास, कोरियावास, मारोली, धानोता, दंचोली जाटन.राजपुत, निजामपुर, बामनवास, मोखूता, नारेडी, गावडी,पवेरा, नापला आदि गांव में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। भाजपा के पक्ष में ग्रामीणों से मतदान की अपील करते हुए धर्मवीर सिंह ने कहा कि देश 10 साल से संविधान के तौर तरीके से चल रहा है और यह कांग्रेस के लोग झूठ बोलकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं कि प्रजातंत्र खत्म हो रहा है।

उन्होंने कहा कि जनता भाजपा सरकार को तीसरी बार सत्ता सौंपने का मन बना चुकी है।

## मांगों को लेकर शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने जिला प्रधान भूपेन्द्र चाहर की अध्यक्षता में जिला शिक्षा अधिकारी नरेश महता को ज्ञापन सौंपा, जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोहानी के प्राचार्य द्वारा प्राथमिक शिक्षकों के साथ किये जा रहे अभद्र व्यवहार को लेकर ऐतराज जताया गया जिला महासचिव सुमित शर्मा ने बताया कि प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों के लिए भी अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करता है जिसकी राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ कड़ी निंदा करता है जिला कोषाध्यक्ष संजय जांगड़ा ने कहा कि ऐसे अधिकारी के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए। सदस्य शोभित सांगवान ने बताया कि दो माह से वेतन नहीं मिल पाया है।



### बीडी गुप्ता पार्क में त्रिवेणी रोपित कर लगाया ट्रीगार्ड

**भिवानी।** पर्यावरण प्रेमियों ने मंगलवार को त्रिवेणी बाबा के सान्निध्य में हांसी रोड स्थित बीडी गुप्ता पार्क में पौधरोपण अभियान चलाया। इस दौरान पार्क में त्रिवेणी रोपित करने के साथ-साथ उस पर ट्रीगार्ड लगाए, ताकि रोपित की गई त्रिवेणी की सुरक्षा की जा सकें। इस मौके पर बाबा ने कहा कि बहुत से पौधें ऐसे है, जो सिर्फ देखभाल की कमी के चलते नष्ट हो जाते है, ऐसे में पर्यावरण प्रेमियों को इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए कि रोपित किए गए पौधों की पेड़ बनने तक देखभाल भी समय-समय पर करें,। वृक्षों की अंधाधुंध कटाई और बेलगाम बढ़ती जनसंख्या से धरती पर पर्यावरण संकट बढ़ता जा रहा है, जिसको सिर्फ ज्यादा से ज्यादा पौधे रोपित कर ही संतुलित बनाया जा सकता है। पर्यावरण प्रहरी हवलदार लोकराम नेहरा ने कहा कि पेड़-पौधें ही मानव जीवन का आधार है, क्योंकि वृक्षों के बिना पृथ्वी पर जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती।

## खेल-व्यायाम करेंगे बीमारियों से बचाव

- विश्व एथलेटिक्स दिवस पर खेल प्रतियोगिताएं करवाईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी


चरखी दादरी। खेल प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

बिरहीकलां स्थित बीआर आदर्श वमा विद्यालय में विश्व एथलेटिक्स दिवस धूमधाम से मनाया, जिसमें विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। ये प्रतियोगिताएं मुख्यतः प्राइमरी विंग के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई। बिस्किट रेस, लेमन रेस, जम्प व 100 मीटर रेस आदि का आयोजन किया। स्कूल प्राचार्य सुरेश कुमार ने कहा कि आज के युग में पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को खेलकूद में भी अपनी भागीदारी प्रस्तुत करनी चाहिए जिससे बच्चों का सवार्गीण विकास हो सके। हर साल सात मई को विश्व एथलेटिक्स दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य खेल और व्यायाम के जरिए लोगों को बीमारियों से बचाने और हेल्थ को बनाए रखने में मदद करना है। विद्यालय चेयरमैन कृष्ण भारद्वाज ने विजेता छात्र-छात्राओं को हौसला बढ़ाया और उन्हें जीवन में हर प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## अंतरराष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस की पूर्व संध्या पर लगाया शिविर

# शतकवीर रक्तदाता डुडेजा ने 126वीं बार किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


भिवानी। रक्तदाताओं को सम्मानित करते अतिथि।

थैलेसीमिया गंभीर समस्या है, जिससे दुनियाभर में कई लोग पीड़ित है। अकेले भारत में हर वर्ष लगभग 10 हजार से 15 हजार बच्चे थैलेसीमिया के साथ पैदा होते हैं। इस बीमारी के पीड़ितों को अपनी जान तक गंवानी पड़ सकती है, ऐसे में इस बीमारी के प्रति जागरुकता फैलाने के मकसद से हर वर्ष 8 मई थैलेसीमिया दिवस मनाया जाता है। इसी कड़ी थैलेसीमिया पीड़ितों की मदद के लिए अंतरराष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस की पूर्व संध्या पर मंगलवार को चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। रक्तवीर मनीष वर्मा द्वारा आयोजित शिविर में बतौर मुख्यतिथि शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा एवं ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. मोनिका सांगवान ने शिरकत की तथा रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया। मुख्यतिथि शतकवीर रक्तदाता डुडेजा ने स्वयं 126वीं बार रक्तदान किया। शिविर में 33 युवाओं ने रक्तदान किया। डुडेजा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस उन मरीजों को समर्पित है, जो इस बीमारी से जूझ रहे है। इस अवसर पर अधिवक्ता कुलदीप सोनी, अधिवक्ता प्रदीप कौशिक, सत्यवान, प्रदीप सोनी, सुभाष शर्मा, लीलाखान, गिरधर, प्रीतम, प्रदीप, राजेश, रोहित मेहता, जितेंद्र सिंह, नसिंर्ग अधिकारी सुभाष, स्टाफ नर्स सुमन व गुंजन, लैब टेक्नीशियन रामचंद्र, राजेश आदि मौजूद थे।

**हीमोग्लोबिन बनाने में शरीर रहता विफल**

डुडेजा ने कहा कि थैलेसीमिया एक रक्त विकार है, जिसमें हीमोग्लोबिन की जरूरी मात्रा को बनाने में शरीर विफल रहता है। उन्होंने कहा कि मेजर थैलेसीमिया मरीजों को कम उम्र में डायग्नोसिस किया जाता है तथा उन्हें आजीवन ब्लड ट्रांसफ्यूजन की आवश्यकता होती है, इसीलिए थैलेसीमिया पीड़ितों की जान बचाने के उद्देश्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. मोनिका सांगवान ने कहा कि थैलेसीमिया की पहचान के लिए टेस्टिंग जल्द एवं तेज करने की जरूरत है तथा बीमारी पर तत्काल पता चल सके।

### साइकिल रिक्शा भी चुनाव प्रचार के वाहन की श्रेणी में शामिल

**चरखी दादरी।** जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 160 के तहत चुनाव प्रचार के लिए साइकिल रिक्शा को भी वाहन की श्रेणी में माना गया है। ऐसी स्थिति में प्रत्याशी को चुनाव प्रचार में लगाई गई रिक्शाओं की संपूर्ण जानकारी सहायक रिटर्निंग अधिकारी को देनी आवश्यक है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि साइकिल रिक्शा को चुनाव प्रचार के लिए वाहन की श्रेणी में माना गया है। प्रचार में प्रयोग किए जाने पर इसका ब्योरा देना जरूरी है। यदि रिक्शा चालक पंजीकृत नहीं है तो रिक्शा चालक के नाम सहायक रिटर्निंग अधिकारी द्वारा परमिट जारी किया जा सकता है।